आकाशवाणी शिमला
25.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

प्रचार

प्रदेश में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और छः विधानसभा उप चुनाव को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। प्रचार के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला भी जारी है। केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने आज जसवां परागपुर और चिंतपूर्णी मण्डल के अम्ब में भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलनों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सभी पन्ना प्रमुखों से एकजुट होकर केन्द्र की कल्याणकारी नीतियों को लोगों तक पहुंचाकर भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटाने का आहवान किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और संगठन के बल पर ही भाजपा ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र सहित प्रदेश की चारों सीटें वर्ष 2014 व 2019 में भी जीती हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा व विधानसभा के उपचुनाव को लेकर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है और इस बार भी सभी चारों सीटें जिताकर नरेन्द्र मोदी की झोली में डालेंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के राज में कोई भी सुरक्षित नहीं रह सकता है और ये पार्टी आम लोगों के पैसे व अधिकारों को छीनना चाहती है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पालमपुर हमले में घायल युवती का आज पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचकर कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने युवती के स्वास्थ्य पर डॉक्टरों से पूरी रिपोर्ट ली। अग्निहोत्री ने बताया कि घायल युवती के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। इनके ईलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने बताया कि इस बारे में पीजीआई प्रशासन को सरकार की ओर से अधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। अग्निहोत्री ने घटना को दुखद बताते हुए ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की दिशा में जन सहयोग से प्रयास करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस युवती को इंसाफ दिलाया जाएगा और इस संबंध पुलिस अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार को प्रथम कर्तव्य हिमाचल के आम लोगों की सुरक्षा करना है और हमें हर विषय पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

जगत नेगी

कांग्रेस नेता और बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायको पर भाजपा का भारी दबाव है। इसी दबाव के चलते उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को अपना त्यागपत्र दिया है और उनके त्यागपत्र अभी भी लंबित है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के पास इसे स्वीकार या अस्वीकार करने का भी पूरा अधिकार है। शिमला स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि निर्दलीय विधायको को जिस प्रकार से केंद्र की भाजपा सरकार ने सुरक्षा दे रखी थी उससे भी साफ है कि उन पर कोई दबाव है। नेगी ने कहा कि अभी इन निर्दलीय विधायकों पर विधानसभा अध्यक्ष का फैसला आना बाकी है और इस बीच ही इन विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। नेगी ने कहा कि उन्होंने अब इस मामले को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष चुनौती दी है कि निर्दलीय विधायक किसी भी अन्य दल में शामिल नही हो सकते इसलिए इन्हें भी अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून के तहत इन विधायकों की सदस्यता खत्म हुई है और इसके लिए वह स्वयं दोषी है। इस बीच शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा ने बताया कि उन्होंने प्रदेश उच्च न्यायालय में इस संबंध में एक याचिका दायर की है।

सुनवाई

निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार न होने पर प्रदेश हाईकोर्ट में दायर याचिका पर आज सुनवाई हुई जिसमें दोनों पक्षों की तरफ़ से अपनी–अपनी दलीलें दी गई। लगभग तीन घंटे तक बहस चली जिसमें विधानसभा अध्यक्ष की तरफ़ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। समय की कमी के चलते हाईकोर्ट ने मामले को अब 30 अप्रैल को सुनने का निर्णय लिया है जिसमें विधानसभा की तरफ़ से बहस पूरी की जाएगी।

सुखराम चौधरी

शिमला संसदीय क्षेत्र के भाजपा चुनाव प्रभारी सुखराम चौधरी ने कहा है कि भाजपा ने महिलाओं को सम्मान दिया है जबकि कांग्रेस ने हमेशा ही उनके साथ धोखा किया हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 15 महीने का कार्यकाल बीतने के बाद भी महिलाओं को 15 सौ रूपए प्रतिमाह प्रदान करने की गारंटी पूरी नहीं की है। सुखराम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं को ठगा ओर अब लोकसभा चुनाव में भी नारी शक्ति को ठगने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नारी शक्ति अब कांग्रेस के बहकावे में नहीं आएगी और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मुंहतोड़ जबाव देगीं।

———————————————————————————————